पीपुल्स समाचार
21/09/19

## पदकविजेता खिलाड़ी सम्मानित

इंदौर। देवी अहिल्या विश्वविद्यालय शिक्षा के साथ खेलकूद में भी मध्यप्रदेश में सबसे आगे है और मेरी पुरजोर कोशिश रहेगी की खेलों में भी खिलाड़ियों को ज्यादा से ज्यादा सुविधाए मिले। यह बात कुलपति प्रो. रेणु जैन ने सत्र 2018-19 में अखिल भारतीय एवं पश्चिम क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालयीन खेल प्रतियोगिताओं के सफल खिलाड़ियों के सम्मान समारोह मे व्यक्त किए। समारोह में भाविका पिंगले डायविंग, आशुतोष वर्मा जिम्नास्टिक तथा टीम खेलों में साफ्टबॉल, बैडमिंटन, टेनिस के खिलाड़ियों को लगभग सवा 3 लाख की प्रोत्साहन राशि निश्चित अनुपात में सम्मान स्वरूप प्रदान की गई।

# पेंटिंग्स में स्टूडेंट्स ने गांधी जयंती के उपलक्ष्य में उठाए सोशल इश्यू

IAmIndore • इंदौर

editor@peoplessamachar.co.in

पत्रकारिता एवं जनसंचार अध्ययनशाला देवी अहिल्या विश्वविद्यालय में महात्मा गांधी की 150वीं जयंती उत्सव के उपलक्ष्य में चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। विभागाध्यक्ष डॉ. सोनाली नरगुंदे ने बताया कि गांधी जी की 150वीं जयंती को लेकर विभाग में गांधी दर्शन से जुड़ी कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें पेंटिंग ,पोस्टर,क्विज, भाषण था। चित्रकला प्रतियोगिता में अलीशा शेख, नूपुर सागर, राधा कुशवाह, साक्षी चौरसिया, हर्षवर्धन, अंबिका बुंदेला ने 'गांधी जी के सपनों का भारत' थीम पर पेंटिंग और पोस्टर बनाकर न्यू इंडिया को अपनी कला के माध्यम से दर्शाया। आयोजक में अमन सिंह और उत्तम पालीवाल की भूमिका अहम रही।

# उच्च शिक्षामंत्री आज परिसंवाद में शामिल होंगे

इंदौर। उच्च शिक्षामंत्री जीतू पटवारी शनिवार को दोपहर एक बजे देवी अहिल्या विश्वविद्यालय में उच्च शिक्षा में नए आयाम-परिसंवाद में शामिल होंगे। कार्यक्रम में उच्च शिक्षामंत्री विद्यार्थियों, शिक्षाविदों, प्राचार्यों से सीधा संवाद करेंगे। अध्यक्षता देवी अहिल्या विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. रेणु जैन करेंगी। पटवारी शनिवार को ही लंदन प्रवास से लौटेंगे।